नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से




5 बजट विकसित भारत का रोडमैप : मोदी



6 काशी में खेली जाती है चिता भस्म की होली



7 गोयल से मिले अमेरिका के मंत्री लुटनिक



10 वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार का मैच जबरदस्त होगा : गावस्कर

## एक नजर में



### राष्ट्रपति ने हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में भरी उड़ान

**नई दिल्ली.** भारत की सशस्त्र सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को एक कीर्तिमान स्थापित करते हुए स्वदेश में निर्मित हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में एक विशेष उड़ान भरी. इस दौरान वह फ्लाइंग हेलमेट और फ्लाइट ड्रेस में नजर आईं. इसी के साथ राष्ट्रपति राजस्थान के जैसलमेर में भारतीय वायुसेना के प्रमुख युद्धाभ्यास 'वायुशक्ति' की साक्षी बनीं.

### पीएम मोदी का राजस्थान और गुजरात दौरा आज

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को राजस्थान और गुजरात की यात्रा पर जाएंगे और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं और विकास परियोजनाओं का शिलान्यास तथा उद्घाटन करेंगे. राजस्थान में प्रधानमंत्री 14 वर्ष की बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए राष्ट्रव्यापी ह्यूमन पेपिलोमावायरस टीकाकरण अभियान का शुभारंभ करेंगे. वह अजमेर में 16,680 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे.



# 22 विभागों के बजट बिना चर्चा पारित

**25** विभागों के अनुदान की मांगों पर होनी थी चर्चा | **7.45** घंटे चर्चा के लिए तय किया था समय | **16** फरवरी से 6 मार्च तक चलना था बजट सत्र | **04** लाख 38 हजार 317 करोड़ का बजट पारित कर दिया

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 27 फरवरी. मप्र विधानसभा में शुक्रवार को 25 विभागों के अनुदान की मांगों पर चर्चा होनी थी, लेकिन महज तीन विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा के बाद बाकी 22 विभागों की अनुदान की मांगों को बिना चर्चा के पारित कर दिया. इन 22 विभागों में राजस्व, जल संसाधन, महिला एवं बाल विकास विभाग, किसान कल्याण एवं कृषि विकास, पीएचई, खाद्य और ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण विभाग भी शामिल थे.**

इन विभागों पर चर्चा के लिए 7.45 घंटे का समय तय किया था, लेकिन महज कुछ मिनटों के भीतर ही गिलोटिन की सहारा लेते हुए 4 लाख 38 हजार 317 करोड़ का बजट पारित कर दिया, ये लगातार दूसरा वर्ष है, जब बजट गिलोटिन किया. इस तरह सरकार का सबसे बड़ा बिजनेस निपट गया, उसके बाद अशासकीय संकल्प पेश किए.

अशासकीय संकल्पों पर चर्चा के बाद संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का प्रस्ताव दिया, जिसे अध्यक्ष ने स्वीकार करते हुए विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी. इससे पहले सदन में चर्चा के लिए मौका नहीं दिए जाने का आरोप लगाते हुए विपक्ष ने वाकआउट भी किया.



उप नेता प्रतिपक्ष की अगुवाई में विपक्ष ने अपनी बात रखने का मौका नहीं देने का आरोप लगाते हुए किया वाकआउट.

बजट सत्र 16 फरवरी से आहुत किया था, जो कि 6 मार्च तक चलना था. इस दौरान कुल 12 बैठकें होनी थीं, लेकिन शुक्रवार को सत्र स्थगित किए जाने के कारण महज 10 बैठकें ही हो सकीं. इस दौरान सदन में वित्तीय वर्ष 2025-26 की अवधि के लिए तृतीय अनुपूरक बजट भी पारित किया गया, वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जुड़े 15 विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा भी हुई, उसके बाद पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, लोक निर्माण विभाग, स्कूल और परिवहन विभाग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जैसे बड़े विभागों की अनुदान मांगों पर विभागवार चर्चा भी हुई. शुक्रवार को सत्र के अंतिम दिन संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग की ही अनुदान मांगों पर चर्चा हो सकी. विभाग की अनुदान मागों को पारित करने के बाद विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कार्यमंत्रणा समिति में बनी सहमति का जिक्र करते हुए कहा कि सत्र में समय कम है और चर्चा के लिए विभागों की संख्या ज्यादा है. इस कारण सभी विभागों की अनुदान मांगों को विभागवार अलग- अलग पारित कराना संभव नहीं होगा, इसलिए अनुदान की मांगों पर गिलोटिन होगा. उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एक साथ बाकी विभागों की अनुदान मांगें पेश करेंगे और इन पर एक साथ मत लिया जाएगा. इस बीच विपक्ष के वरिष्ठ सदस्य राजेन्द्र ने चर्चा नहीं होने पर जल संसाधन विभाग से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव पटल पर रखने की अनुमति मांगी, अध्यक्ष ने उन्हें ये अनुमति भी दी.

### मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष नहीं थे मौजूद

सामान्य तौर पर जब बजट सत्र का सत्रावसान होता है तो मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष सदन में मौजूद रहते हैं, लेकिन शुक्रवार को सत्र स्थगित किए जाने के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार दोनों ही मौजूद नहीं थे. ऐसे में सरकार की ओर से समापन संबोधन की जिम्मेदारी संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजवर्गीय ने निभाई, वहीं विपक्ष की ओर से वरिष्ठ सदस्य राजेन्द्र कुमार सिंह ने विदाई संबोधन दिया. इससे पहले उप नेता प्रतिपक्ष की अगुवाई में विपक्ष ने उन्हें अनुदान की मांगों चर्चा में अपनी बात रखने का मौका नहीं देने का आरोप लगाते हुए वाकआउट भी कर दिया.

उसके बाद उप मुख्यमंत्री ने बाकी बचे 22 विभागों की अनुदान मांगों को रखना शुरू किया. मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद उन्होंने मप्र विनियोग विधेयक 2026 पेश किया, उसके बाद विनियोग विधेयक को पारित भी कर दिया गया. गिलोटिन के लिए अध्यक्ष की व्यवस्था से लेकर विनियोग विधेयक पारित करने तक की प्रक्रिया में महज 8 मिनट ही लगे.



# पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के सैन्य ठिकानों पर किए हमले

**130** से अधिक तालिबान लड़ाकों के मारे जाने का दावा

**55** पाकिस्तानी सैनिक मारे गए : तालिबान

**नई दिल्ली, 27 फरवरी (वार्ता) अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के साथ बढ़ते टकराव के बीच पाकिस्तान ने उसके खिलाफ युद्ध घोषित करते हुए 'ऑपरेशन गजब लिल-हक' शुरू किया. शुक्रवार तड़के पाकिस्तान की सशस्त्र सेनाओं ने काबुल, कंधार और पक्तिया में महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए.**

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने तालिबान सरकार के साथ पूर्ण टकराव की घोषणा की. उन्होंने लिखा, हमारा सब्र अब खत्म हो चुका है और चेतावनी दी कि अब दोनों पक्षों के बीच खुला युद्ध है. प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि हमारे सशस्त्र बल अफगानिस्तान के किसी भी तरह के आक्रमक मंसूबे को कुचलने की पूरी क्षमता रखते हैं. पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने हमलों में 130 से अधिक तालिबान लड़ाकों के मारे जाने का दावा किया गया है. पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर किए हवाई हमले रिपोर्टों में काबुल और कंधार में धमाकों और गोलीबारी की खबर दी गई.

अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि डूरंड रेखा के साथ की गई जवाबी कार्रवाई में 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए.

### रमजान माह के दौरान हमले ठीक नहीं : भारत

भारत ने अफगानिस्तान पर पाकिस्तान के हवाई हमलों की निंदा की है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में कहा कि रमजान के पवित्र महीने में इन हमलों के दौरान महिलाओं और बच्चों समेत आम नागरिकों की मौत हुई है. उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान की अपने अंदरूनी मद्दों से ध्यान हटाने की एक और कोशिश है. भारत ने दोहराया कि वह अफगानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता का समर्थन करता है.

# बोत्सवाना से आज कूनो आयेंगे 8 चीते, वन मंत्री भूपेन्द्र यादव करेंगे रिलीज

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 27 फरवरी.** मध्यप्रदेश और राजस्थान की सीमा पर स्थित श्योपुर जिला एक बार फिर से कूनो नेशनल पार्क को लेकर राष्ट्रीय ही नही बल्कि अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में हैं। कल 28 फरवरी को बोत्सवाना से 8 चीते कूनो नेशनल पार्क पहुंच रहे है। केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव इन्हें जंगल में रिलीज करेंगे. कार्यक्रम में सीएम डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रह सकते हैं.

ज्ञात रहे कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विगत 17 सितंबर 2022 को कूनो नेशनल पार्क में चीता प्रोजेक्ट की शुरूआत की गई थी। यह प्रोजेक्ट सफलता की ओर आगे बढ रहा है। वर्तमान में भारत में चीतों की संख्या 39 है, बोत्सवाना से 8 चीते आने के साथ ही इनकी संख्या 47 हो जायेगी, कूनो नेशनल पार्क में



चीतों की पुर्नबसाहट के लिए शुरू किये गये चीतो प्रोजेक्ट को साढे तीन साल के लगभग हो गये है। कूनों का जंगल चीतो के प्रजनन के लिए सकारात्मक रहा है।

भारत में चीतों को बसाने के लिए कूनो नेशनल पार्क में निर्धारित प्रोटोकॉल और गाइडलाइन के अनुसार कार्य किया जा रहा है। परियोजना के एकीकृत प्रबंधन में कूनो के राष्ट्रीय उद्यान के 750 वर्ग किलोमीटर में चीतों के रहवास के लिए उपयुक्तता है। इसके अतिरिक्त करीब 3 हजार वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र दो जिलों श्योपुर और शिवपुरी में चीतों के स्वंच्छद वितरण के लिए उपयुक्त हैं।

कूनो राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र से लगे हुए ग्रामों के लोगों को चीता मित्र बनाया गया है। यहाँ चीतों के रहवास के लिए अनुकूल परिस्थितियों का विकास किया गया है। पानी की व्यवस्था के साथ आवश्यक सिविल कार्य भी पूरे किए गए हैं। कूनो में शिकार का घनत्व चीतों के लिए पर्याप्त है।

भारत में वर्तमान में कुल चीतों की संख्या 39 है।36 कूनो नेशनल पार्क में, 3 गांधी सागर अभयारण्य में 17 सितंबर 2022 को लाए गए 8 नामीबियाई चीतों में से 3 स्थापित हैं तथा उनके 17 भारतीय जन्मे शावकों सहित कुल नामीबियाई मूल की स्थापित आबादी 20 हो गई है।

# शराब घोटाले में पूर्व सीएम केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत 23 बरी

**आरोप पत्र में कई कमियां हैं : विशेष न्यायाधीश**

**नई दिल्ली, 27 फरवरी. दिल्ली एक्साइज पॉलिसी केस में पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया सहित 23 को अदालत ने बरी कर दिया है. दोनों ही आम आदमी पार्टी नेताओं को सरकार रहने के दौरान जेल भी जाना पड़ा था.**

दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने कथित आबकारी नीति



घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई की ओर से दाखिल आरोपपत्र का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया. विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने कहा कि आरोप पत्र में कई ऐसी कमियां हैं, जिनका सबूतों से समर्थन नहीं मिलता.

# कनाडा के पीएम 4 दिन के दौरे पर आए भारत

**2 मार्च को पीएम मोदी से मिलेंगे कार्नी**

**नई दिल्ली, 27 फरवरी. कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी का शुक्रवार को चार दिन के दौरे पर भारत आगमन हुआ.इस दौरे का मकसद भारत और कनाडा के बीच व्यापार, ऊर्जा, तकनीक और रक्षा जैसे क्षेत्रों में नए साझेदारी को मजबूत करने पर फोकस करना है।**

प्रधानमंत्री के तौर पर मार्क



कार्नी का यह पहला भारत दौरा है.कनाडा में निवेश को बढ़ावा देने के लिए कार्नी मुंबई में बिजनेस लीडर्स से मुलाकात करेंगे.इस दौरान इंफ्रास्ट्रक्चर, क्लीन एनर्जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग में निवेश पर चर्चा होगी. प्रधानमंत्री कार्नी 2 मार्च को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से द्विपक्षीय वार्ता करेंगे.




**परंपरा** | मुख्यमंत्री सीएम डॉ. मोहन यादव आलीराजपुर जिले के उदयगढ़ के भगोरिया पर्व में हुए शामिल

# सामाजिक स्नेह का जीवंत महोत्सव है भगोरिया

**नवभारत न्यूज**

**अलीराजपुर। फाल्गुन मास के रंगों, मांदल की थाप और जीवन-प्रेम की उमंग से सराबोर भगोरिया पर्व जनजातीय संस्कृति, सामाजिक स्नेह और परंपरागत जीवन मूल्यों का जीवंत उत्सव है. इसको प्रत्यक्ष रूप से भगोरिया पर्व में शामिल होकर ही जिया जा सकता है.**

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही. मुख्यमंत्री अलीराजपुर के उदयगढ़ भगोरिया पर्व में शामिल हुए. पर्व स्थल पर पारंपरिक



लोकधुनों, नृत्य और उल्लासपूर्ण वातावरण ने सम्पूर्ण क्षेत्र को सांस्कृतिक रंगों से भर दिया. मुख्यमंत्री ने कहा कि भगोरिया पर्व जनजातीय संस्कृति, प्रेम और सामाजिक समरसता का प्रतीक है. मध्यप्रदेश सरकार जनजातीय परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है और ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है. विरासत को विकास की राह पर ले जाने के संकल्प के साथ इस उल्लासमय पर्व को गरिमा और भव्यता के साथ मनाया गया.

इस अवसर पर पूर्व सांसद गुमानसिंह डामोर, पूर्व विधायक माधोसिंह डावर, विशाल रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, संभागायुक्त इंदौर डॉ सुदाम खाड़े, कलेक्टर नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक, प्रशासनिक अधिकारीगण, स्थानीय नागरिक तथा बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के लोग उपस्थित रहे.